# ऑनलाइन ट्यूटर बनकर घर बैठे कमा सकते हैं लाखों




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

### टीचिंग का नया तरीका

वो जमाने लद गए, जब पढ़ाने के लिए एक क्लास रूम होता था और बच्चों का वहां बिठाकर पढ़ाया जाता था। बदलते जमाने में पढ़ने और पढ़ाने के तरीकों में भी काफी बदलाव आया है। आज के समय में टेक्नोलॉजी के विस्तार के कारण अब एक देश में बैठकर दूसरे देश में भी पढ़ाया जा सकता है। जी हां, इंटरनेट क्रांति के इस युग ने ई-ट्यूटरिंग के कान्सेप्ट को बढ़ावा दिया है। अगर आपको भी बच्चों को पढ़ाना अच्छा लगता है लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते आप बच्चे को नहीं पढ़ा पाते तो आप बतौर ऑनलाइन ट्यूटर न सिर्फ अपने शौक को जिन्दा रख सकते हैं, बल्कि इसमें कॅरियर के नए आयाम भी ढूंढ सकते हैं।

### होते हैं सिर्फफायदे ही फायदे

ऑनलाइन ट्यूशन पढ़ाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें आप अपने ज्ञान को सिर्फअपने शहर तक ही सीमित नहीं रखते, बल्कि देश के विभिन्न भागों यहां तक कि विदेशों में भी अपना ज्ञान बांट सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह उन लोगों के लिए भी काफी अच्छा ऑप्शन है, जो अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते नौ से पांच की जॉब नहीं कर पाते। बतौर ऑनलाइन ट्यूटर आप पार्ट टाइम या फुल टाइम काम कर सकते हैं। चूंकि इसमें काम की टाइमिंग काफी फ्लेक्सिबल होती हैं, इसलिए आपका बाकी दूसरा काम प्रभावित नहीं होता। अगर आप किसी दूसरे देश के बच्चे को पढ़ा रहे हैं तो आप काफी अच्छे पैसे कमा सकते हैं क्योंकि बाहरी देशों में प्राइवेट ट्यूशन काफी महंगी होती है, इसलिए वहां के लोग ऑनलाइन ट्यूशन के ऑप्शन को ज्यादा पसंद करते हैं क्योंकि उन्हें इस सेवा में कम पैसे खर्च करने पड़ते हैं। जबकि आप भारत में रहकर डॉलर में कमाते हैं तो आपको काफी अच्छा पैसा मिलता है।

### स्किल्स

अगर आप ऑनलाइन ट्यूटर बनने पर विचार कर रहे हैं तो आपके भीतर कुछ क्वालिटी होना बेहद आवश्यक है। सबसे पहले तो आपको अपने विषय की अच्छी समझ होनी चाहिए, ताकि पढ़ाते समय आपको किसी तरह की परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त आपको यह भी समझना होगा कि दूसरे देशों की पढ़ाई और वहां के सिलेबस में काफी अंतर होता है। इसलिए आपको उसे भी समझना और अपनाना होगा। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन ट्यूटर का सारा काम कंप्यूटर के कारण होता है, इसलिए आपको उसे भी अच्छे से चलाना आना चाहिए। विभिन्न वीडियो कॉलिंग साइट्स, वेब कैमरा आदि चीजों को प्रयोग करना भी सीखें। इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि आपको हिन्दी व अंग्रेजी के अतिरिक्त विभिन्न भाषाएं बोलनी, पढ़नी व लिखनी आती हों। इससे आपको दूसरे देश के बच्चों को पढ़ाने में आसानी हो।

### योग्यता

ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए आपका संबंधित विषय में मास्टर की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही जिस विषय के बारे में आप पढ़ाना चाहते हैं, उसका विशेष रूप से ज्ञान होना चाहिए। वहीं, अगर आपको पहले से ही टींचिंग एक्सपीरियंस है तो आपको काम मिलने में आसानी होगी।



### कार्यक्षेत्र

इस क्षेत्र में एक ट्यूटर का मुख्य काम सबसे पहले छात्र की कमियों व उसकी स्टेंथ को समझना होता है। साथ ही हर बच्चे के सीखने का तरीका अलग होता है। इसलिए आपको उसे समझकर उसे एकेडमिक सपोर्ट तो देना होता है ही, साथ ही अपने स्किल्स व विभिन्न ऑनलाइन टूल्स का प्रयोग करके उसकी परफर्मेंस को बेहतर बनाना होता है।

### अवसर अनेक

आजकल ऑनलाइन क्लासेज का चलन काफी बढ़ गया है। अमूमन हर ट्रेनिंग कंपनी, कॉलेज, यूनिवर्सिटी आदि में ऑनलाइन क्लासेज मुहैया कराई जाती है, जिसके कारण इन दिनों ऑनलाइन ट्यूटर की काफी डिमांड है। यहां तक कि ट्यूशन सेंटर भी बच्चों को ऑनलाइन क्लासेज की सुविधा देते हैं। इतना ही नहीं, इंटरनेट पर आपको ऐसी कई वेबसाइट मिल जाएंगी जो विभिन्न विषयों व कक्षाओं के लिए कई भाषाओं में टीचर प्रोवाइड कराती हैं। आप उनके साथ जुड़कर भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

### आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी इस आधार पर निर्भर है कि आप इसे पार्ट टाइम कर रहे हैं या फुल टाइम। इसके अतिरिक्त कंपनी का प्रोफाइल, आपका अनुभव, सब्जेक्ट व आप किस कक्षा के विद्यार्थी को पढ़ा रहे हैं, यह भी आपकी आमदनी को प्रभावित करता है। शुरूआत में एक ऑनलाइन ट्यूटर 200 रूपए से लेकर 500 रूपए प्रतिघंटा कमा सकता है। वहीं थोड़े अनुभव के बाद आप 2500 प्रतिघंटा भी चार्ज कर सकते हैं।

---

लड़कों को कर्म खर्च में

# स्टाइलिश दिखने के लिए 5 टिप्स



सलीके से कपड़े पहनने पर इंसान के चरित्र का पता चलता है, खासतौर पर पुरुषों का। कई बार ऐसा होता है कि पुरुष अपने कपड़े पहनने के ढंग पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते और फैशन तथा ड्रेसिंग को महत्व नहीं देते। आज हम आपको इस आर्टिकल में पुरुषों के फैशन और कपड़े पहनने के ढंग के बारे में जानकारी देंगे। स्टाइलिश दिखने के लिए लड़कियों के पास सैंकड़ों ऑप्शन होते हैं, मगर लड़कों के लिए कही गई ये बातें थोड़ी अटपटी लगती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लड़कियों को मार्केट में कम पैसे में भी ब्रांडेड और स्टाइलिश कपड़े और एक्सेसरीज मिल जाते हैं, मगर लड़कों को ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। आज हम आपको ऐसे टिप्स दे रहे हैं, जिससे आप कम बजट में भी स्टाइलिश दिखेंगे।

## प्रिंटेड टी शर्ट

आजकल प्रिंटेड टी शर्ट का जमाना है, ऑनलाइन मार्केट में मन चाहा प्रिंट किया हुआ टी-शर्ट उपलब?ध है। इसके अलावा आपको शोरूम और छोटी-छोटी दुकानों में भी प्रिंटेड टी-शर्ट मिल जाएंगी।



## चेक शर्ट

अगर आप ज्यादातर प्लेन या फॉर्मल शर्ट पहनते हैं तो इसे थोड़ा बदल दीजिए। इसके बजाए चेक शर्ट ट्राई कीजिए। मार्केट में आपको कई कलरफुल चेक शर्ट्स मिल जाएंगे। इसे आप ऑफिस या इसके अलावा कहीं भी पहन सकते हैं।





## प्रिंटेड शॉर्टस

छुटिट्यों में तो प्रिटेंड शॉर्ट्स पहनते ही हैं, मगर इसे आप डेलीवेयर में भी शामिल कर सकते हैं। शॉर्ट्स के साथ प्रिंटेड कलर इनके साथ प्लेन और वाइब्रेट कलर टी-शर्ट्स के साथ पहनें। स्टाइलिश दिखेंगे।



## लेस अप ब्रोग्स

ब्रोग्स जहां पहले बिना लेस के आते थे वहीं अब इनमें लेस पैटर्न भी अवेलेबल हैं जिन्हें आप हाई वेस्ट ट्राउजर्स और चिनोज के साथ पेयर कर स्टाइलिश दिख सकते हैं।

## लूज ट्राउजर्स

अगर आप फॉर्मल लुक में वैराइटी ढूंढ़ रहे हैं तो लूज ट्राउजर्स आपके लिए बेस्ट है। लाइट शेड्स इन हाई-वेस्टेड ट्राउजर्स के साथ फोल्डेड शर्ट का कॉम्बिनेशन परफेक्ट लुक देगा।